प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 09.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने न्यायमूर्ति एम. एस. सोनक को झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की दिलाई शपथ।
2. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए दिशोम बजट पोर्टल और मोबाइल एप का आज करेंगे शुभारंभ, आम लोगों से मांगे जाएंगे सुझाव।
3. धनबाद रिंग रोड जमीन अधिग्रहण में मुआवजा गड़बड़ी मामले में एसीबी का धनबाद, रांची, दुमका, गिरिडीह और देवघर में छापा, 17 गिरफ्तार।
4. कैबिनेट की आज होने वाली बैठक में झारखंड अभियंत्रण नियुक्ति नियमावली सहित कई प्रस्तावों को मिल सकती है स्वीकृति।
5. पूर्वी सिंहभूम में साहित्य उत्सव 2026 का हुआ शुभारंभ, साहित्य, कला और स्थानीय खानपान से जुड़े स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र।

****

न्यायमूर्ति एम. एस. सोनक को आज झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दिलाई।

लोक भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के अलावा विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो भी उपस्थित थे।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज दिन के तीन बजे दिशोम बजट पोर्टल और मोबाइल एप का शुभारंभ करेंगे। वित्तीय वर्ष 2026–27 राज्य बजट के लिए आम जनता का बहुमूल्य सुझाव प्राप्त करने के लिए दिशोम बजट पोर्टल और मोबाइल एप शुरू किया जा रहा है। तीन सर्वश्रेष्ठ सुझाव देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा। सुझाव देने की अंतिम तिथि 17 जनवरी निर्धारित की गई है।

****

धनबाद रिंग रोड के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर मुआवजा देने में हुई गड़बड़ी मामले में एसीबी ने धनबाद, रांची, दुमका, गिरिडीह और देवघर में छापेमारी की है। कल रात से जारी इस छापेमारी के दौरान धनबाद से 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी में एसीबी की 10 टीमे शामिल थी। हमारे धनबाद संवाददाता ने बताया कि एसीबी की इस कार्रवाई में तत्कालीन बर्खास्त जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी उदयकांत पाठक, तत्कालीन अंचल अधिकारी विशाल कुमार, तत्कालीन सर्किल इंस्पेक्टर नीलम सिन्हा, कुमारी रत्नाकर समेत अन्य अधिकारी और कर्मियों की गिरफ्तारी की सूचना है।

****

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र, प्रगति ने अपनी 50वीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2015 में इसका शुभारंभ किया था। प्रगति ने निर्णय लेने की प्रक्रिया को तेज करने और प्रमुख अवसंरचना परियोजनाओं में देरी का कारण बनने वाले मुद्दों के समाधान में सहायता की है। आज इस विशेष श्रृंखला में, हम प्रगति के अंतर्गत समीक्षा की गई विद्युत क्षेत्र की परियोजनाओं पर चर्चा करेंगे।

****

कैबिनेट की आज होने वाली बैठक में झारखंड अभियंत्रण नियुक्ति नियमावली और झारखंड के 334 थानों में सीसीटीवी लगाने सहित कई प्रस्ताव को स्वीकृति मिल सकती है। कैबिनेट की बैठक में करीब तीन दर्जन प्रस्तावों को रखे जाने की संभावना है। बैठक प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में दोपहर बाद होगी।

****

झारखंड चैंबर ने झारखंड में व्यापार, उद्योग एवं निवेश की व्यापक संभावनाओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए भारत स्थित कई देशों के राजनयिक दूतावासों को पत्र लिखा है।

****

रांची में आयोजित दो दिवसीय बहुभाषी शिक्षा कॉन्क्लेव में विभिन्न राज्यों से आए शिक्षकों, शिक्षाविदों और विशेषज्ञों ने भाग लिया। एनसीईआरटी और जनजातीय अनुसंधान संस्थान के विशेषज्ञों ने बहुभाषी शिक्षा की आवश्यकता, उसके व्यवहारिक पक्ष और प्रभावी क्रियान्वयन पर अपने अनुभव साझा किए।

****

जमशेदपुर में मिथिला सांस्कृतिक परिषद ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को मैथिली भाषा को सम्मान देने के लिए धन्यवाद ज्ञापन पत्र भेजा है। जमशेदपुर के सहायक महासचिव शिव चंद्र झा ने कहा कि मैथिली भाषा महान कवि विद्यापति की भाषा है।

****

पूर्वी सिंहभूम जिले में प्रथम पूर्वी सिंहभूम साहित्य उत्सव 2026 का आज शुभारंभ हुआ। साहित्य उत्सव में काफी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित हुए। इस दौरान मंच से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का शुभकामना संदेश पढ़ा गया। साहित्य उत्सव में साहित्य, कला और स्थानीय खानपान से जुड़े स्टॉल भी लगाए गए है जो इस उत्सव में विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ हैं।

****

जमशेदपुर में आज से तीन दिवसीय डॉग शो शुरू हुआ। टाटा स्टील के एमडी टी. वी. नरेन्द्रन ने इसका उद्घाटन करते हुए कहा कि देशभर से सैकड़ों खूबसूरत और दुर्लभ नस्ल के श्वान हिस्सा ले रहे हैं ।

****

घरेलू शेयर बाजार सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी आज दोपहर में लगभग आधा प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। सेंसेक्स 391 अंक गिरकर 83 हजार 790 पर आ गया, जबकि निफ्टी 116 अंकों की गिरावट के साथ 25 हजार 761 अंक पर था।

****

रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 27 हजार रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत दो लाख 55 हजार रुपये प्रति किलो है।

****

रांची के धुर्वा से लापता दो नाबालिग बच्चों को ढूंढने के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। वहीं इस मामले की मॉनिटरिंग रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक कर रहे है। रांची पुलिस ने दोनों बच्चों का सुराग देने वालों के लिए 51 हजार रुपए इनाम की भी घोषणा की है। दोनों बच्चे दो जनवरी की दोपहर ढाई बजे से मौसीबाड़ी खटाल के पास से लापता है।

****